आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 08.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – डिजिटल कनेक्टिविटी, देश में प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र से उत्तराखंड में सात जल विद्युत परियोजनाओं के विकास और निर्माण की स्वीकृति देने का अनुरोध किया।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षा संवाद– चिंतन शिविर कार्यशाला का शुभारंभ किया।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राजधानी में ग्रामीण व निम्न आय वर्ग की 300 स्कूली छात्राओं को साइकिल और स्कूल किट वितरित की।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विलासिता नहीं है, बल्कि सभी के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने देश के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह निवेश, नवाचार और मेक इन इंडिया का सबसे अच्छा समय है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हाल ही में स्वदेशी, 4–जी स्टैक लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत दुनिया के उन पांच देशों में शामिल हो गया है जिनके पास यह क्षमता है।
श्री मोदी ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस केवल मोबाइल और दूरसंचार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कुछ ही वर्षों में एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच बन गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में 647 मेगावाट क्षमता वाली सात जल विद्युत परियोजनाओं के विकास और निर्माण की स्वीकृति देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य गंगा और उसकी सहायक नदियों की निर्मलता, अविरलता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए गौलापार क्षेत्र में लगभग 12 हैक्टेयर वन भूमि हस्तान्तरित करने का प्रस्ताव वन विभाग को भेजा गया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से संबंधित अधिकारियों को इस भूमि स्थानांतरण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का भी अनुरोध किया।
वहीं, केंद्रीय मंत्री ने सैद्धांतिक सहमति देते हुए हरसम्भव सहयोग के प्रति मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया।

मानक महोत्सव

भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में आज बागेश्वर के एक स्कूल में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को दैनिक जीवन में मानक के महत्व और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मानक हमारे जीवन में गुणवत्ता और सुरक्षा की गारंटी हैं।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने भी मानक की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि मानक न केवल उत्पाद की गुणवत्ता तय करते हैं, बल्कि उपभोक्ता के अधिकारों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के शिक्षा संवाद, चिंतन शिविर कार्यशाला का शुभारंभ किया। विकसित भारत और समृद्ध उत्तराखंड के लिये उच्च विषय पर आयोजित इस चिंतन शिविर में उन्होंने अपने विचार रखे। साथ ही उच्च के क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों, उल्लेखनीय कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक और अनुसंधान आधारित उच्च शिक्षा व्यवस्था का निर्माण करना है, ताकि उत्तराखंड न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बने, बल्कि

विकसित भारत के निर्माण में भी अपनी सशक्त भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर में प्राप्त सुझाव, भविष्य की नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर देशभर से आए शिक्षाविदों, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और शोधार्थियों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता सुधार, कौशल आधारित शिक्षा और भविष्य की रणनीति पर अपने विचार साझा किये।

साइकिल वितरण

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में "उम्मीद" एक पहल के तहत 18 विभिन्न राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत ग्रामीण व निम्न आय वर्ग की 300 स्कूली छात्राओं को साइकिल और स्कूल किट वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है और सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि "उम्मीद" जैसी पहल ग्रामीण परिवेश में रहने वाली बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। "'उम्मीद' केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह बेटियों के सपनों को पंख देने का प्रयास है। कैबिनेट मंत्री ने बालिकाओं का आह्वान किया कि वे पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें, अपने सपनों को साकार करें और समाज में नई पहचान बनाएं।

यह कार्यक्रम आर.बी.एल. बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया।

रेखा आर्या

प्रदेश में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता मार्च निकाली जाएगी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज सचिवालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि 31 अक्टूबर को होने वाले एकता मार्च के लिए ''मेरा भारत पोर्टल'' के माध्यम से निःशुल्क पंजीकरण कराया जा सकता है, जिसमें संख्या और आयु की कोई सीमा नहीं है। यह प्रक्रिया 6 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। दूसरे चरण में 31 अक्टूबर से 16 नवंबर तक राज्य के सभी जिलों में 8 से 10 किलोमीटर की एकता मार्च निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि दो चरणों के बाद चयनित प्रतिभागी 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक गुजरात के नडियाड से स्टैचू ऑफ यूनिटी तक 152 किलोमीटर की पदयात्रा में हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है, ताकि राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ किया जा सके।

सहायता राशि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज नई दिल्ली में लार्सन एंड टुब्रो कम्पनी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद और आपदा राहत व पुनर्वास कार्यों में सहयोग के लिए पांच करोड़ की सहायता राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इस सराहनीय सहयोग के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में कॉर्पोरेट सेक्टर का यह योगदान राज्य सरकार के लिए बड़ी सहायता साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ कर रही है। ऐसे में निजी क्षेत्र की सहभागिता से इन कार्यों में और तेजी आएगी तथा प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाई जा सकेगी।